नई शुरूआत | आठ इलेक्ट्रिक बस पहुंची शहर

जल्द शुरू होगा इलेक्ट्रिक बस का सफर

अंत तक कुल 20 इलेक्ट्रिक बसें शहर में आ जाएंगी जिन्हें 15 अगस्त को हरी झंडी दिखाकर शहर की सड़कों पर दौड़ाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। लिहाजा अभी खुलकर किसी अधिकारी ने बसों की संख्या स्पष्ट नहीं की है। बता दें कि नगर निगम ने इन बसों को चार्ज करने के लिए कठौं दा में चार्जिंग स्टेशन भी पूरी तरह से तैयार कर लिया है ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी असुविधा का सामना न करना पड़े और संचालन सुचारू रूप से चलता रहे।

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर में जल्द ही आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों का सफर शुरू होने जा रहा है जिससे आम जनता को सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत मिलने वाली कुल 100 बसों में से 8 बसें जबलपुर पहुंच चुकी हैं और पिछले तीन-चार दिनों से लगातार एक से अधिक बसें शहर आ रही हैं। जानकारी के अनुसार इस महीने के

इन मार्गों से होकर गुजरेंगी

पहले चरण में आने वाली इन बसों को रेलवे स्टेशन से भेड़ाघाट, रेलवे स्टेशन से गौरीघाट, रेलवे स्टेशन से पनागर और आईएसबीटी से रांझी सहित अन्य दो-तीन प्रमुख मार्गों पर चलवाया जाएगा। प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत जबलपुर को तीन चरणों में 100 बसें प्राप्त होनी थीं और पहले चरण में 40, दूसरे चरण में 35 तथा तीसरे चरण में 25 बसें आनी थीं लेकिन पहले चरण में कटौती कर 40 की जगह सिर्फ 20 बसें भेजी जा रही हैं जिससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि जितनी बसों का कोटा निर्धारित किया गया है, उतनी बसें तीन चरणों में नहीं आ पाएंगी। जिम्मेदारों की मानें तो ऑपरेटर कंपनी का यह दावा है कि जबलपुर के कोटे की 100 बसें नवंबर से दिसंबर के बीच उपलब्ध करा दी जाएंगी लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा जब हर माह 20 बसें उपलब्ध कराई जाएं और यदि ऐसा होता है तो साल के अंत तक शहर के हर रूट पर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ने लगेंगी।

तलैया में डूबे बालक की मौत

नवभारत, जबलपुर। कटंगी थाना अंतर्गत झगरी स्थित तलैया में शनिवार को नहाते समय एक किशोर डूब गया और गहराई में समा गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक निर्भय ठाकुर 38 वर्ष निवासी झिगरी का बेटा नैतिक शनिवार सुबह लगभग 11 बजे अपने दोस्तों के साथ खेलने गया था जो काफी देर तक घर नहीं लौटा तो परिजन चिंतित हो गए उन्होंने खोजबीन शुरू की । निर्भय ठाकुर बेटी की तलाश में तलैया पहुंचा खौफनाक मंजरा देख उसके होश ही उड़ गए वहां भीड़ लगी हुई थी जब उसने ग्रामीणों से पूछताछ की तो पता चला कि नैतिक नहाते समय डूब गया है। एक घंटे तक उसकी तलाश चली इसके बाद उसे बाहर निकाला गया जिसके बाद उसे उपचार के लिए कटंगी अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टर ने चैक कर नेतिक ठाकुर 12 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिजनों में मातम पसर गया उनका रो-रोककर बुरा हाल है उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा है घर से हंसी खुशी निकला नैतिक अब इस दुनिया में नहीं रहा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

दफ्तरों के गलियारे

आखिरकार नाक कटवा गया चुनाव!

जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव इस बार लोकतंत्र का उत्सव कम और हंगामे का महोत्सव ज्यादा बन गया। मतदान शुरू होने से पहले ही ऐसा घमासान मचा कि चुनाव प्रक्रिया ही पटरी से उतर गई। उपद्रव और आपसी खींचतान के बीच चुनाव अधिकारी को खुद कमरे में बंद होना पड़ा और आखिरकार इस्तीफा तक देना पड़ गया। कानून के जानकारों की इस चुनावी जंग में कानून-व्यवस्था ही कटघरे में खड़ी नजर आई। जो वकील अदालत में दूसरों के विवाद सुलझाते हैं, वे अपने ही चुनाव का विवाद नहीं सुलझा सके। हालात ऐसे बने कि न कोई जीता, न कोई हारा, लेकिन चुनाव जरूर हार गया। अब शहर में यही चचाज़है कि अगली बार चुनाव होगा या पहले शांति समझौते की सुनवाई, क्योंकि इस बार बैलेट बॉक्स से ज्यादा कमरे की कुंडी और हंगामे की गूंज सुखिज़्यों में रही। कुल मिलाकर, यह चुनाव परिणाम से पहले ही अपनी साख हार बैठा और लोगों की जुबान पर बस एक ही बात रह गई आखिरकार नाक कटवा गया चुनाव!

जब व्हॉट्सएप स्टेटस ने छवि पर उठा दिया प्रश्न चिन्ह ...

तड़क -भड़क वाले व्हॉट्एप के स्टेटस, मानो जैसे दुनिया की बहुत बड़ी जंग जीत ली हो...दिखावा ऐसा जैसे सीना तानकर बहुत बड़ा तीर मार लिया हो..फिर उसके बाद कांग्रेसियों के खेमे में छाती चौड़ी करने वाली चर्चाएं तेज, हो भी क्यों न क्योंकि भरे मालवीय चौक में पुलिस अधिकारी के गिरेबान तक हाथ जो पहुंच गए थे। पूरा मामला कैंट बोर्ड के पूर्व सदस्य व कांग्रेस नेता और कैंट विधानसभा के ही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता से जुड़ा था। जोश जोश में एकता की मिसाल भरने के लिए एक कांग्रेसी नेता ने अपने व्हॉट्एप के स्टेटस में ऐसा लिखा कि चर्चाएं कांग्रेसियों के साथ भाजपा के खेमे में जोरों से हुईं। खैर जो हुआ सो हुआ लेकिन व्हॉट्सएप के स्टेटस में जिस प्रकार से खेला गया उसने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता की छवि के बारे में लोगों को सोचने पर भी मजबूर कर दिया।

हे प्रभु अफसरों की नजर हम पर न पड़े

काली कमाई करने वालों से लेकर सेटिंगबाजों और डीलिंगबाजों में इन दिनों डर का माहौल है साथ ही उनकी रातों की नींद और दिन का चैन उड़ हुआ है। वजह हैं महकमे के दो ऐसे तेज-तर्रार अफसर, जिनकी कार्यशैली इतनी फिल्मी है कि वे कब, कहां और किस पर गाज गिराने पहुंच जाएं, इसका अंदाजा तो उनके साथ चलने वाली टीम को भी नहीं होता! छापेमारी की प्लानिंग ऐसी गुप्त होती है कि टीम के सदस्यों को लगता है कि वे शायद चाय पीने जा रहे हैं, लेकिन गाड़ी सीधे रुकती है 'टारगेट' के ठिकाने पर। इन साहबानों की रडार पर आते ही बड़े-बड़े दिग्गजों के पसीने छूट रहे हैं। धंधेबाजों के आकाओं के फोन घनघनाने लगते हैं और कागजों पर सील लग जाती है। सिफारिश करने वाले भी थक हारकर यही कहते नजर आ रहे हैं कि भाई, वहां दाल नहीं गलेगी, वो दोनों अलग ही मिट्टी के बने हैं। जुगाड़ और सेटिंग करने वाले जितने भी डीलिंगबाज थे, उनका बीपी हाई है आलम यह है कि कुछ तो बस यही दुआ मांग रहे है, हे प्रभु! इन दो अफसरों की नजर हम पर न पड़े!

धनंजय श्रीवास्तव, विवेक दुबे, अजहर खान

मजदूर संघ हथौड़ा- इंटर संयुक्त मोर्चा 10 सीटों पर विजयी

गन कैरिज फैक्टरी के कार्य समिति निर्वाचन 2026 के परिणाम घोषित

नवभारत,जबलपुर। गन कैरिज फैक्टरी जबलपुर में कार्य समिति निर्वाचन 2026 के परिणाम शनिवार को सामने आए जिसमें मजदूर संघ हथौड़ा और इंटक संयुक्त मोर्चा ने 10 में से 10 सीटों पर विजयी हासिल की। विजयी प्रापत होने के बाद संगठनों के पदाधिकारियों में खुशी की लहर झूम उठी और सभी ने उत्साह से जीत का जश्न मनाया।

जानकारी के अनुसार राहुल गुप्ता को 644 वोट, अमित रामकिशोर चंदेल को 661 वोट ,राजेंद्र कुमार वर्मा को 626 वोट, रोहित यादव को 682 वोट, देवेंद्र प्रताप सिंह भदौरिया को 602 वोट, पार्थ ओझा को 633 वोट, सिद्धार्थ ठाकुर को 616 वोट, बीरबल सिंह को 611 वोट, हिमांशु कुमार को 599 वोट, राजा पांडे को 625 वोट गन कैरिज फैक्टरी जबलपुर में कार्य समिति निर्वाचन 2026 में मिले हैं।

भारी बारिश का असर, सोमनाथ सहित कई ट्रेनें विलंब से पहुंचीं

जबलपुर। गुजरात में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश का असर अब रेल संचालन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बारिश के कारण कई ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे जबलपुर आने वाली गाड़ियां भी घंटों की देरी से चल रही हैं। गाड़ी संख्या 11463 वेरावल-जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस शनिवार को लगभग 6 घंटे विलंब से चल रही थी, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा गाड़ी संख्या 03252 बेंगलुरु-दानापुर स्पेशल करीब 11 घंटे, 04116 एलटीटी-सूबेदारगंज स्पेशल 3 घंटे, 01449 पुणे-दानापुर स्पेशल 2 घंटे 50 मिनट, 22190 रीवा-जबलपुर इंटरसिटी 2 घंटे 10 मिनट तथा 51704 मंडला फोटज़-जबलपुर पैसेंजर 1 घंटा 35 मिनट की देरी से संचालित हो रही थीं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार गुजरात में प्रतिकूल मौसम और भारी बारिश के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है, जिसका असर विभिन्न मार्गों पर ट्रेनों के परिचालन पर पड़ रहा है।

मुझे गर्व है कि मेरी आवाज को सरकार ने गंभीरता से लिया : पांडे

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय के अथक प्रयासों एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की संकल्पशीलता का परिणाम है कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ प्रदेश में एक ऐतिहासिक कानून मध्यप्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक, 2026 सर्वसम्मति से पारित हुआ है। विदित हो कि विधायक अभिलाष पांडे द्वारा विधानसभा में लगातार ध्यानाकर्षण एवं प्रश्नों के माध्यम से प्रदेश में अग्नि सुरक्षा कानून की आवश्यकता को उठाया जा रहा था फिर प्रदेश सरकार ने मध्यप्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक, 2026 पारित कर दिया।

शनिवार को पत्रकारवार्ता आयोजित कर विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि यह विधेयक प्रदेश के नागरिकों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मुझे गर्व है कि मेरे द्वारा उठाई गई आवाज को सरकार ने गंभीरता से लिया और यह ऐतिहासिक कानून बना। अब आग से जनहानि एवं धनहानि को रोकने में यह कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 'इस विधेयक के अंतर्गत प्रदेश में एक एकीकृत फायर सेफ्टी व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिसमें शहरी क्षेत्रों में 10 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 20 मिनट के भीतर दमकल से पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, भवनों के लिए फायर एनओसी एवं वार्षिक फायर ऑडिट अनिवार्य किया गया है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता विधेयक भी पारित किया गया। इस विधेयक में सभी धर्म के लिए विवाह तलाक एवं उत्तराधिकार के समान नियम स्थापित किए गए हैं।

आषाढ़ विदा, सावन की दस्तक ... अब झमाझम बारिश का इंतजार

पिछले वर्ष की तुलना में 378.1 मिमी कम वर्षा

नवभारत,जबलपुर। आषाढ़ माह विदा होने की ओर है और सावन का आगमन होने जा रहा है, लेकिन इस बार मानसून अब तक अपनी रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। मौसम विज्ञान कायाज़्लय के अनुसार 25 जुलाई तक जिले में केवल 269.2 मिमी वर्ष दर्ज हुई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 647.3 मिमी बारिश हो चुकी थी। यानी इस बार अब तक 378.1 मिमी कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक है। पिछले 24 घंटों में महज 0.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

उमस और गर्मी से बेचैन रहे आमजन

बारिश की कमी के कारण लोगों को उमस और गमीज़ का एहसास हो रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश का इंतजार बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में जिले के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है।वहीँ दक्षिण-पश्चिम दिशा से 5 से 6 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का पूवार्नमान है।

कलेक्टर ने लिया बरगी बांध में जलभराव की स्थिति का जायजा

नवभारत, जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शनिवार को बरगी बांध पहुंचकर वहाँ जल भराव की स्थिति और नहरों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बांध की वर्तमान जल स्तिर की जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में बरगी डैम का जल स्तर 413.75 मीटर पहुंच चुका है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने बरगी बांध की दाईं तट नहर का भी जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि सिंचाई के लिए वर्तमान में 15 क्यूमेक पानी प्रवाहित किया जा रहा है। वहीं दाईं तट नहर में शुरुआत से लेकर 6.94 किलोमीटर तक पानी के बहाव में किसी भी प्रकार का कोई अवरोध नहीं है। यह पानी जबलपुर, पनागर और सिहोरा तक जायेगा जहां के किसानों को सिंचाई के लिए इसका लाभ मिलेगा। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानी के प्रवाह की लगातार मॉनिटर की जाए। साथ ही नहरों की सफाई व रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाए ताकि पानी की आपूर्ति बिना किसी रुकावट के मिलती रहे। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, एसडीएम अभिषेक सिंह तथा संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

44 करोड़ का राजस्व हुआ अर्जित

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में टिकट चेकिंग अभियान के जरिए रिकॉर्ड 44 करोड़ 20 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर तीनों मंडलों में चलाए गए विशेष अभियानों के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनबुक्ड लगेज और अनियमित टिकट के 5 लाख 59 हजार मामले पकड़े गए। यह उपलब्धि पिछले वर्ष की समान अवधि में वसूले गए 40 करोड़ 71 लाख रुपये की तुलना में 8.57 प्रतिशत अधिक है। प्रदर्शन के लिहाज से जबलपुर मंडल सबसे आगे रहा, जहां 2 लाख 54 हजार मामलों से 21 करोड़ 78 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

मनमोहन होटल में छापा, कॉकरोच एवं कीडे समेत मिली गंदगी

खाद्य पंजीयन निलंबित

नवभारत, जबलपुर। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों एवं नगर निगम न्यायिक मजिस्ट्रेट की टीम के साथ शनिवार को सिविल लाइन स्थित मनमोहन होटल में छापेमारी कर दी। इस दौरान कॉकरोच एवं कीड़े खाद्य पदार्थ के आसपास मिले। इसके अलावा अत्यधिक गंदगी एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों को बनाया जा रहा था। जिसके बाद टीम ने तुरंत एक्शन लेते हुए होटल का खाद्य पंजीयन निलंबित कर दिया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता के अनुसार सिविल लाइन स्थित मनमोहन होटल में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों एवं नगर निगम न्यायिक मजिस्ट्रेट की टीम अचानक पहुंची । निरीक्षण के दौरान अत्यधिक गंदगी एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं संग्रह व खाद्य पदार्थ के आसपास कॉकरोच एवं कीड़े चलते पाये जाने पर इस प्रतिष्ठान खाद्य पंजीयन निलंबित कर दिया गया है।

डेरी से पनीर का लिया नमूना

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सदर स्थित सोनी डेरी से जांच के लिए पनीर का नमूना लिया गया है जो राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है।

खाली बोतलों में स्टेशन का पानी भरकर बेचने वाले दो युवक गिरफ्तार

जबलपुर। मुख्य रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सेहत से खिलवाड़ कर रेलनीर के नाम पर नकली पैक्ड पेयजल बेचने वाले दो युवकों को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी रेलनीर की खाली बोतलों में स्टेशन की जलापूर्ति का पानी भरकर उन्हें सीलबंद पैक्ड पानी बताकर यात्रियों को बेच रहे थे। आरपीएफलंबे समय से इस तरह की शिकायतों पर नजर बनाए हुए थी और कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि जायसवाल उर्फ भटा (30) निवासी लालमाटी और सलमान खान (30) निवासी मोहरिया, हनुमानताल के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों स्टेशन परिसर और आसपास से रेलनीर की खाली बोतलें एकत्र करते थे। इसके बाद उन्हीं बोतलों में स्टेशन का पानी भरकर ट्रेन रुकते ही यात्रियों को असली रेलनीर बताकर बेचते थे। कार्रवाई के दौरान आरपीएफटीम को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन जवानों ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया और भरी हुई नकली रेलनीर की बोतलें जब्त कर लीं। आरपीएफने दोनों आरोपियों के खिलाफ रेल अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दजज़ कर कार्रवाई की है।

पेज तीन का शेष

गुजरात भागने के पहले हत्थे चढ़ा....

विदित हो कि सालीवाड़ा में 22 जुलाई को घर के पास बैठने की बात को लेकर घनश्याम केवट द्वारा नम्मी यादव उर्फ छोटू एवं संतोष यादव पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया था. नम्मी यादव 30 वर्ष की मौत हो गई थी. पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया था.

पुलिस को चमका देने बदल लिया था हुलिया

टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि आरोपी घनश्याम केवट पिता छोटेलाल केवट 23 वर्ष निवासी सालीवाड़ा की तलाश के लिए टीम गठित की गई थी. आरोपी द्वारा पुलिस को चकमा देने बाल एंव दाढी मुंछ बनाकर तिलवारा घाट पर घूम रहा था जैसे ही इसकी भनक पुलिस को लगी तो टीम ने दबिश देते हुए उसे धरदबोचा. जिसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, घटना के वक्त पहने कपड़े आदि जप्त किये गये. आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वे गुजरात भागने की फिराक में था .

समन-वारंट की तामीली पर हाईकोर्ट ....

हाईकोर्ट ने राजकरण तिवारी बनाम मध्यप्रदेश शासन मामले की सुनवाई करते हुए याचिका का निराकरण कर दिया. याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि ट्रायल पूरा हो चुका है, सभी अभियोजन साक्षियों के बयान दर्ज हो गए हैं और केवल अंतिम बहस शेष है. सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से उपमहाधिवक्ता यश सोनी ने पुलिस महानिदेशक का विस्तृत शपथ-पत्र पेश किया. इसमें बताया गया कि न्यायालयीन समन और वारंटों की समयबद्ध तामीली के लिए पुलिस मुख्यालय नियमित परिपत्र जारी करता है व वरिष्ठ अधिकारी इसकी निगरानी करते हैं. शपथ-पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि रीवा जिले में लापरवाही पाए जाने पर 11 पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है. हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रदेशभर में लंबित जमानती और गिरफ्तारी वारंटों का वर्षवार विवरण, 22 फरवरी 2022 के परिपत्र के अनुपालन की रिपोर्ट तथा विभिन्न पुलिस जोन से प्राप्त जानकारी भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई.

STUDY ABROAD COUNSELING By Prabha Yadav
MBBS प्रवेश
भारत के साथ ही रशिया, जॉर्जिया, कजाकिस्तान, नेपाल सहित अन्य देशों में MBBS करने हेतु संपर्क करें:-
विदेश में डॉक्टर बने आपके बजट में
ASHIRWAAD 781, SHANTI NAGAR, NEAR RYAN INTERNATION SCHOOL JABALPUR
+91 9340486618

होली लाईट चिन्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
प्रवेश प्रारम्भ
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अग्रेंजी माध्यम
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष् सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन
स्वस्थ शिक्षा वातावरण
खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
पेंटिग, ड्राईग, योग कक्षा, जूड़ों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास
सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444

Mr. Solar महाकौशल का सबसे भरोसेमंद
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच
सोलर पार्टनर
• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे
• विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग
• सर्टिफाइड प्रोडक्ट
Office : Pls call us on 6267100743, 9644555001
Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur

यश हायर सेकेण्डरी स्कूल
CBSE/ICSE से MP BOARD में एडमिशन पर,उठायें सरकारी योजना का लाभ। बोर्ड एग्जाम का %बढ़ाऐं, समय बचाएं NEET/IIT में एडमिशन गाइडेंस। English & Hindi Medium Office- 8 to 4
Nursery, LKG, UKG, Admission, Book Uniform Fee
इस वर्ष हमारे 40 बच्चों ने लेपटॉप योजना में पाया 10 लाख का फायदा
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहत्तर रिजल्ट लाकर दिखाते है। इसलिए हम देते है बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
सीधे 10वीं, 12वीं, कॉलेज प्राइवेट/रेग्यूलर फार्म भरने की सुविधा
अधारताल तिहारा- 9303580611,9131455600 अमखेरा रोड, गोहलपुर 9111009016

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57